# संस्थापक / प्रबन्धक



## श्री एन.पी. सिंह

प्रबन्धक
शिक्षित छात्र - उज्ज्वल भविष्य

बी0एम0जी0 डिग्री कालेज के संस्थापक / प्रबन्धक इंजी. एन0 पी0 सिंह जी के प्रयास से 35 किमी0 दक्षिणाँचल में पावन तमसा नदी के समीप स्थापित बी0एम0जी0 डिग्री कालेज की नींव 2012 में रखी गयी और आज यह महाविद्यालय ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए शिक्षा के द्वारा उन्हें अग्रणी बनाने हेतु तत्पर है। मैकेनिकल में इंजीनियरिंग की शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात प्रबन्धन के क्षेत्र में अग्रणी कार्य करते हुए, जापान, जर्मनी जैसे विकसित राष्ट्रों में भारत सरकार द्वारा अधिकारिक रूप से व्यावहारिक एवं सामाजिक कार्यों का अनुभव प्राप्त किया। बी0एम0जी0 संस्थान के माध्यम से भारतवर्ष के विभिन्न राज्यों में शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं जिससे हर वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। बी0एम0जी0 संस्थान द्वारा बी0एम0जी0 डिग्री कालेज एवं बी0एम0जी0 पब्लिक स्कूल की स्थापना कर ग्रामीण क्षेत्र में आपने अमूल्य योगदान किया है।

## संदेश

**"विद्या ददाति विनयम्''** इसी मूल अवधारणा से यह महाविद्यालय इस आशय के साथ संचालित किया जा रहा है कि छात्र/छात्राओं में विद्या के प्रसार के साथ ही साथ नैतिकता का विकास सम्भव हो सके, जिससे वे स्वावलम्बन के साथ समाज के प्रति भी उत्तरदायी बने रहें तथा देश विदेश की आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जुड़कर शिक्षा की मूलधारा से जुड़े रहें।


"यातायात जागरुकता रैली"




बी० एम० जी० डिग्री कॉलेज
वार्षिकोत्सव एवं स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम
























बी० एम० जी० डिग्री कॉलेज

# प्राचार्य की कलम से



**सत्यं सत्सु सदा धर्मः सत्यं धर्मः सनातनः।**
**सत्यमेव नमस्येत सत्यं हि परमा गतिः।।**
**सत्यं धर्मस्तपो योगः सत्यं ब्रह्म सनातनम् ।**
**सत्यं यज्ञः परः प्रोक्तः सर्वं सत्ये प्रतिष्ठितम् ।।**

"सत्पुरुषों में सदा सत्यरूप धर्म का ही पालन हुआ है। सत्य ही सनातन धर्म है। सत्य को ही सदा सिर झुकाना चाहिये, क्योंकि सत्य ही जीव की परमगति है। सत्य ही धर्म, तप और योग है, सत्य ही सनातन ब्रह्म है, सत्य को ही परम यज्ञ कहा गया है तथा सब कुछ सत्य पर ही टिका हुआ है।"

**माँ तमसा की गोद में स्थापित इस महाविद्यालय परिसर में प्रवेशित एवं नवागन्तुक छात्र/छात्राएँ इस बाग के सुन्दर पुष्प की भाँति हैं। सबको प्रेम-व्यवहार बनाये रखना चाहिये तथा रागद्वेष से दूर रहना चाहिये, जिससे समाज, देश और समस्त संसार में शान्ति का स्थायी भाव स्थापित हो और हम निर्बाध रूप से प्रगति के पथ पर अग्रसर होते हुये अपने लक्ष्य को प्राप्त करें।**

**डॉ0 सत्य प्रकाश शुक्ल**
प्राचार्य
बी.एम.जी. डिग्री कॉलेज
बघेड़ा, करछना, प्रयागराज






भारतीय महिला ग्रामोद्योग संस्थान, प्रयागराज
प्रयागराज पुलिस

प्रयागराज पुलिस










# कला संकाय

- हिन्दी साहित्य
- अंग्रेजी साहित्य
- राजनीति विज्ञान
- समाजशास्त्र
- अर्थशास्त्र
- प्रा0 भा0 इतिहास
- शिक्षाशास्त्र
- संस्कृत
- गृह विज्ञान

# विज्ञान संकाय

- Mathematics
- Physics
- Botony
- Chemistry
- Zoology

# वाणिज्य संकाय

- Commerce

# शिक्षण प्रशिक्षण संकाय

- D.El.Ed. (B.T.C.)

## उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा संचालित अन्य शैक्षणिक कार्यक्रम

- **बी.ए.**
- **बी.कॉम.**
- **बी.ए. (टूरिज़्म)**
- **बी.एससी.**
- **पी.जी.डी.वाई.ओ. (योग में 1 वर्षीय डिप्लोमा)**
- **डी.वाई.एस. (योग में डिप्लोमा छमाही)**
- **सी.सी.वाई. (योग में सर्टिफिकेट)**
- **ए.पी.वाई. (योग जागरुकता कार्यक्रम)**
- **बी.बी.ए., एम.बी.ए.**
- **एम.ए.** - हिन्दी, अंग्रेजी, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीतिविज्ञान, अर्थशास्त्र, इतिहास, संस्कृत, गृह विज्ञान, योग)
- **एम.एस.सी.** - भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान,सांख्यिकी गणित
- **एम.कॉम.**



# प्रवेश प्रक्रिया

## कार्य दिवस में महाविद्यालय से आवेदन पत्र (प्रवेश फॉर्म) प्राप्त किया जा सकता है

प्रवेश प्रक्रिया में विश्वविद्यालय एवं उ0प्र0 शासन के शासनादेशों के निर्देशों का निर्वहन होगा।

प्रवेश हेतु निम्नांकित प्रपत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति एवं पुष्टि हेतु मूल प्रपत्रों को महाविद्यालय में प्रस्तुत करना आवश्यक है-

- ABCID पंजीकरण संख्या
- पूर्व माध्यमिक (हाईस्कूल) अंकपत्र/प्रमाण पत्र की छायाप्रति
- उत्तर माध्यमिक (इण्टरमीडिएट) अंकपत्र/प्रमाण पत्र की छायाप्रति
- अन्तिम संस्थागत निर्गत मूल चरित्र प्रमाण पत्र की छायाप्रति
- अन्तिम संस्थागत निर्गत मूल स्थानान्तरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति
- आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति
- निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति
- बैंक खाता संख्या की छायाप्रति
- आधार कार्ड की छाया प्रति।
- जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति
- पाँच छाया चित्र (फोटो पासपोर्ट साइज)।
- छात्रवृत्ति प्रारूप (फार्म)



# बी.एम.जी. डिग्री कालेज

**बघेड़ा, करछना, प्रयागराज-212301**

**सम्बद्ध : इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, प्रयागराज**

## शुल्क :

- स्नातक स्तर पर उ.प्र. शासन एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित फीस देय
- होगी।
- *शुल्क - बी0ए0 (प्रथम सेमेस्टर) ₹ 2500/-
- बी0कॉम0 (प्रथम सेमेस्टर) ₹ 3000/-
- बी0एससी0 (प्रथम सेमेस्टर) ₹ 3500/-
- प्रवेश विवरणिका शुल्क ₹ 100/-

  सभी वर्गों के आर्थिक रूप से कमजोर छात्र/छात्राओं के शुल्क में छूट देने का अधिकार महाविद्यालय प्रबन्ध तन्त्र के पास सुरक्षित है।

## छात्रवृत्ति :

- अनुसूचित जाति/जनजाति/पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक एवं सामान्य वर्ग के मेघावी छात्र/छात्राओं को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति, इन्दिरा गाँधी एकल कन्या छात्रवृत्ति एवं राज्य सरकार द्वारा छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। राज्य सरकार द्वारा दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना हेतु सभी छात्र जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा प्रदत्त फार्म को आवश्यक संलग्नकों के साथ प्रवेश के समय ही जमा कर दें।
- प्रवेश के समय यदि अनुसूचित जाति/जनजाति/पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक एवं सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी फार्म नहीं भरते हैं अथवा समुचित आय प्रमाण पत्र नहीं लगाते तो उसके उत्तरदायी स्वयं होगें।
- समस्त छात्रों को छात्रवृत्ति का लाभ देने के लिए प्रयागराज जनपद का ही निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र एवं राष्ट्रीयकृत बैंक का खाता संख्या, आधार कार्ड देना अनिवार्य है।

**नोट - समस्त शैक्षणिक एवं पत्रजातों में नाम में त्रुटि होने पर छात्रवृत्ति न मिलने की दशा में छात्र स्वयं उत्तरदायी होंगें।**

***शासन के निर्देशानुसार शुल्क परिवर्तनीय है।**

## आवश्यक निर्देश

- पूरित आवेदन पत्र समस्त प्रपत्रों के साथ नियत तिथि के अन्तर्गत महाविद्यालय में प्रस्तुत करना आवश्यक होगा, अन्यथा आवेदन पत्र अस्वीकार किए जाने पर छात्र स्वयं उत्तरदायी होगा।
- विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा प्रारूप (फार्म) हेतु निर्धारित तिथि के अन्तर्गत महाविद्यालय में परीक्षा प्रारूप (फार्म) समस्त प्रपत्रों के साथ नियत तिथि के अन्तर्गत महाविद्यालय में प्रस्तुत करना आवश्यक होगा, अन्यथा विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा प्रारूप (फार्म) अस्वीकार किए जाने पर छात्र स्वंय उत्तरदायी होगा एवं परीक्षा फार्म समय से न भरने पर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित विलम्ब शुल्क देय होगा।
- छात्रवृत्ति प्रारूप (फार्म) कार्यालय के निर्देशानुसार प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। छात्रवृत्ति प्रारूप (फार्म अस्वीकार किए जाने पर छात्र स्वयं उत्तरदायी होगा।

**महाविद्यालय के समस्त दिशानिर्देशों एवं नियमों का पालन अनिवार्य होगा।**

**सम्पर्क सूत्र : 9935212347, 9453119569, 6387315338, 9450288514, 8922854299**

**Website : www.bmgdegreecollage.org Email : bmgdegreecollage@gmail.com**

## समितियाँ

| | | |
|---|---|---|
| प्रवेश समिति | - | डॉ0 अनिल कुमार पाठक, विजय कुमार मिश्रा |
| अनुशासन समिति | - | डॉ0 सत्य प्रकाश शुक्ल, डॉ0 सविता शुक्ला, डॉ0 अनिल कुमार पाठक, विजय कुमार मिश्रा |
| शिक्षण/छात्र कल्याण समिति | - | डॉ0 सत्यप्रकाश शुक्ल, डॉ0 अनिल कुमार पाठक, विजय कुमार मिश्रा |
| खेल समिति | - | डॉ0 अनिल कुमार पाठक, रजनीश उपाध्याय |
| सांस्कृतिक कार्यक्रम | - | डॉ0 अनिल कुमार पाठक, डॉ0 सविता शुक्ला, श्रीमती वन्दना बाजपेयी। |
| छात्रवृत्ति / पुरस्कार | - | विजय कुमार मिश्रा, श्री अजय पाण्डेय, सुदीप, शैलेन्द्र कुमार |
| भ्रमण समिति | - | डॉ0 सत्य प्रकाश शुक्ल, श्री पप्पू सिद्दीकी, डॉ0 सविता शुक्ला |

## परीक्षा

- सभी छात्र/छात्राएँ प्रवेश लेते समय अपना परीक्षा फार्म पूर्ण रूप से भरकर आवश्यक संलग्नकों के साथ कार्यालय में जमा कर प्राप्ति रसीद लेकर उसे सुरक्षित रखें जिससे आवश्यकता होने पर उसे दिखाकर परीक्षा प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकें।
- परीक्षा फार्म न भरने के स्थिति में वे वार्षिक परीक्षा से वंचित हो जायेंगे। इसके लिये महाविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा। इस परिस्थिति में शुल्क की वापसी भी नहीं होगी।
- सभी छात्र/छात्राएँ महाविद्यालय द्वारा सूचित तिथि तक अपना परीक्षा प्रवेश पत्र अवश्य प्राप्त कर लें। जिससे उन्हें परीक्षा भवन में किसी प्रकार की समस्या न हो।
- परीक्षा के समय परिसर में केवल उन्हीं छात्र/छात्राओं का प्रवेश अनुमन्य है जिनकी उस दिन उस पाली में परीक्षा है। अन्य छात्रों की परिसर में परीक्षा के समय उपस्थिति दण्डनीय है।
- परीक्षा के समय छात्र/छात्राओं के पास प्रवेश पत्र एवं परिचय पत्र का होना अनिवार्य है।

## परिसर अनुशासन

- परिसर में अनुशासन स्थापित करने का दायित्व प्रॉक्टोरियल बोर्ड का है। इस बोर्ड में चीफ प्राक्टर समेत कुल छः सदस्य हैं जो कि महाविद्यालय में अनुशासन और शान्ति स्थापित करने के प्रति उत्तरदायी हैं। परिसर में उपस्थित सभी छात्र/छात्राओं को अनिवार्य रूप से अनुशासन का ध्यान रखना होगा अन्यथा प्रॉक्टोरियल बोर्ड के द्वारा उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## परिचय पत्र

- प्रवेश लेकर सभी छात्र/छात्राएँ अपना परिचय पत्र बनवा लें। महाविद्यालय परिसर में परिचय पत्र अवश्य रखें।
- प्रवेश तिथि से एक माह के भीतर परिचय पत्र न बनवाने पर 10 रूपये प्रतिमाह की दर से आर्थिक दण्ड देय होगा साथ ही अनुशासनात्मक कार्यवाही भी की जा सकती है।
- परिचय पत्र खो जाने की स्थिति में इसकी सूचना प्राक्टर कार्यालय में देकर 50 रूपये शुल्क की रसीद कटवा कर ही दूसरा परिचय प्रत्र प्राप्त हो सकेगा।

## पुस्तकालय

- महाविद्यालय में एक समृद्ध पुस्तकालय और वाचनालय है जिसमें सभी विषयों की सन्दर्भ एवं पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध हैं। प्रत्येक छात्र/छात्राएँ काशन मनी का शुल्क रू0 1000.00 जमा कर पुस्तकालय कार्ड बनवाकर के ही पुस्तक निर्गत करवा सकते हैं।
- कार्ड बनवाने हेतु प्रवेश शुल्क की रसीद एवं परिचय पत्र अनिवार्य है।
- छात्र/छात्राओं को एक पुस्तक अधिकतम 15 दिन की अवधि के लिए दी जाती है।
- पहले निर्गत पुस्तक लौटाने पर ही दूसरी पुस्तक प्राप्त हो सकेगी।
- विलम्ब से पुस्तक जमा करने पर रू0 10 प्रतिदिन की दर से अर्थदण्ड देय होगा।
- पुस्तक के खो जाने अथवा किसी प्रकार की क्षति हो जाने पर पुस्तक का पूरा मूल्य देय होगा।
- पुस्तकालय कार्ड खो जाने की स्थिति में 50.00 रूपये शुल्क जमा करके दूसरा कार्ड प्राप्त हो सकेगा।

## पुरस्कार/प्रोत्साहन

- बी.ए./बी.एस.सी./बी.कॉम/बी.टी.सी. (डी.एल.एड.) की वार्षिक परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को प्रत्येक वर्ष पदक और पुरस्कार प्रदान किया जाता है।
- महाविद्यालय में सम्पन्न वार्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक आयोजन के सभी सफल छात्र/छात्राओं को पद, ट्राफी और पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं

## अन्य सहगामी क्रियाकलाप

- महाविद्यालय में प्रत्येक वर्ष खेलकूद का आयोजन किया जाता है जिनमें विभिन्न एथलेटिक प्रतियोगिताएं, कबड्डी बालीबाल और क्रिकेट इत्यादि शामिल हैं।
- प्रत्येक वर्ष लेखन और वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन होता है जिसमें सभी छात्र-छात्राएँ बौद्धिक स्तर पर अपने को परखते हैं।
- समय-समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों, संगोष्ठियों एवं सभाओं का आयोजन होता है महाविद्यालय द्वारा वृक्षारोपण का कार्य भी किया जाता है।
- समय-समय पर सम-सामयिक ज्वलंत विषयों पर विद्वान एवं विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान आयोजित किये जाते हैं।
- समय-समय पर योग एवं मेडिटेशन तथा विभिन्न विषयों पर सेमिनार एवं कार्यशालाएँ आयोजित की जाती है।

## महाविद्यालयीय कार्यक्रम

- 15 जुलाई - वृक्षारोपण दिवस
- 15 अगस्त - स्वतंत्रता दिवस
- 25 नवम्बर - 1 दिसम्बर-खेलकूद प्रतियोगिता
- 02 दिसम्बर - वार्षिकोत्सव
- 26 जनवरी - गणतन्त्र दिवस
- 09 मई - राणा प्रताप जयन्ती
- 21 जून - योग दिवस








कॉलेज



फोन वितरण
मुख्य अतिथि


एवं स्मार्ट फोन

एवं स्मार्ट

वार्षिकोत्सव एवं स्मार्ट फोन

स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम

## महाविद्यालय के प्राणभूत प्रमुख शिक्षकों एवं कर्मचारियों की सूची निम्नवत् है -

| नाम | पद | विषय |
|---|---|---|
| डॉ0 सत्यप्रकाश शुक्ल | प्राचार्य/विभागाध्यक्ष | संस्कृत/शिक्षाशास्त्र |
| डॉ0 अनिल कुमार पाठक | सहायक आचार्य | हिन्दी साहित्य |
| डॉ0 प्रभात कुमार मिश्र | सहायक आचार्य | हिन्दी साहित्य |
| डॉ0 पूनम पाण्डेय | सहायक आचार्य | गृह विज्ञान |
| डॉ0 पूनम द्विवेदी | सहायक आचार्य | अंग्रेजी |
| डॉ0 विनीत दूबे | सहायक आचार्य | अंग्रेजी |
| डॉ0 एकता तिवारी | सहायक आचार्य | समाजशास्त्र |
| डॉ0 सविता शुक्ला | सहायक आचार्य | राजनीति शास्त्र |
| श्री विजय सिंह | सहायक आचार्य | प्रा.भा. इतिहास |
| श्री अभिषेक कुमार त्रिपाठी | सहायक आचार्य | शिक्षाशास्त्र |
| सुश्री ज्योति | सहायक आचार्य | अर्थशास्त्र |
| श्री विकास पाल | सहायक आचार्य | अर्थशास्त्र |
| सुश्री दीक्षा मारवाड़ी | सहायक आचार्य | जन्तु विज्ञान |
| श्री लवकुश कुमार द्विवेदी | सहायक आचार्य | वनस्पति विज्ञान |
| श्री अरुण कुमार | सहायक आचार्य | गणित |
| श्री मुकेश चन्द्र गुर्जर | सहायक आचार्य | भौतिक विज्ञान |
| श्री रमेश चन्द्र | सहायक आचार्य | रसायन विज्ञान |
| श्री रामेश्वर प्रसाद जाट | सहायक आचार्य | वनस्पति विज्ञान |
| श्री सोहन पाल शर्मा | सहायक आचार्य | जन्तु विज्ञान |

## शिक्षण प्रशिक्षण संकाय

| | | |
|---|---|---|
| श्री विजय कुमार मिश्र | प्रवक्ता | सामाजिक अध्ययन |
| श्रीमती वन्दना वाजपेयी | प्रवक्ता | शिक्षा शास्त्र |
| श्री पप्पू सिद्दीकी | प्रवक्ता | विज्ञान |
| श्री रजनीश उपाध्याय | प्रवक्ता | गणित |
| श्री सोमदेव तिवारी | प्रवक्ता | भाषा |
| श्री वागीश द्विवेदी | प्रवक्ता | शारीरिक शिक्षा |
| सुश्री नीशा | प्रवक्ता | समाजशास्त्र |
| श्री भीमसेन चौरसिया | प्रवक्ता | शिक्षाशास्त्र |

## कार्यालयीय अधिकारी/कर्मचारी

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री अजय कुमार पाण्डेय | संगणक एवं कार्यालय अधीक्षक | श्री सुदीप निगम | लिपिक |
| श्री शीतला प्रसाद दुबे | वरिष्ठ लिपिक | श्री आयुष मिश्रा | कार्यालय सहायक |
| श्री शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय | यू.पी.आर.टी.ओ.यू. सहायक | श्री राम तिवारी | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी |
| | | श्री बब्बू लाल | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी |